

# लॉड्र्स टेस्ट भारत 22 रन से हारा

## राहुल-जडेजा की संघर्षपूर्ण पारी भी नहीं बचा सकी हार, इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई

**लॉर्ड्स 14 जुलाई.** भारतीय क्रिकेट टीम लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के हाथों 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा है. भारत ने पांचवें दिन 4 विकेट पर 58 रनों से आगे खेला

**भारत को मिला था 193 रन का लक्ष्य**

**74.5 ओवर में 170 पर सिमटी टीम इंडिया**

शुरू किया. इस मैच के पांचवें दिन भारतीय टीम 74.5 ओवर में 170 रनों से ऑलआउट हो गई और 22 रनों से मैच हार गई. इसके साथ ही इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली है.

भारत को दिन का पहला झटका ऋषभ पंत (9) के रूप में लगा. पंत को जोफ्रा आर्चर ने क्लीन बोल्ड कर दिया. इसके बाद




केएल राहुल (39) को भी बेन स्टोक्स ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया. वाशिंगटन सुंदर भी शून्य के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर का शिकार बने और भारत का स्कोर 82/7 हो गया.इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट की 104 रनों की शतकीय पारी और जेमी स्मिथ की 51 व ब्रायडन कार्स की 56 रनों की पारी के चलते 387 रनों का स्कोर खड़ा किया. भारत के लिए पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट चटकाए. सिराज और नीतीश रेड्डी ने 2-2 विकेट हासिल किए. भारतीय टीम ने केएल राहुल की 100, ऋषभ पंत की 74 और रविंद्र जडेजा की 72 रनों की पारी के चलते पहली पारी में 387 रन बनाए. इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने 3, जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने 2-2 विकेट हासिल किए. टीम इंडिया दूसरी पारी में इंग्लैंड से जीत के लिए मिले 193 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रनों पर ऑल आउट हो गई. टीम के लिए दूसरी पारी में केएल राहुल 39 और रविंद्र जडेजा 61* रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे. इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने 3 जबकि बेन स्टोक्स और ब्रायडन कार्स ने 2-2 विकेट हासिल किए. अब भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट स्टेडियम में 23-27 जुलाई तक खेला जाएगा. इस मैच की शुरुआत भारतीय समय के अनुसार 3:30 बजे से होगी.

# एडन मार्करम बने प्लेयर ऑफ द मंथ

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के शतकवीर हैं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज




**नई दिल्ली 14 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एडन मार्करम को जून माह के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है. उन्होंने अपनी ही टीम के कप्तान टेंबा बावुमा और श्रीलंका के पथुम निसंका को हराकर यह सम्मान प्राप्त किया है.**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिलाने में अहम योगदान दिया. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में 136 रन बनाने के साथ-साथ दो महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए थे.

एडन मार्करम फाइनल मैच की पहली पारी में शून्य के स्कोर पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 136 रनों की पारी खेली थी. उन्होंने दोनों पारियों में एक-एक विकेट चटकाया था. उनकी इस यादगार पारी की बदौलत खिताबी भिड़ंत में दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब जीता था. यह पिछले 27 साल में दक्षिण अफ्रीका द्वारा जीती गई पहली आईसीसी ट्रॉफी थी. गेंदबाजी में एडन मार्करम का वह विकेट बहुत महत्वपूर्ण रहा, जब उन्होंने पहली पारी में स्टीव स्मिथ को 66 के स्कोर पर आउट करके दक्षिण अफ्रीकी टीम की मैच में वापसी करवाई थी. यह सम्मान मिलने पर मार्करम ने कहा कि ये अवॉर्ड मिलना उनके लिए सम्मान की बात है. उन्होंने अपने प्रदर्शन का जिक्र ना करके पूरी टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल जीत का श्रेय दिया.

### महिलाओं में हेली मैथ्यूज



दूसरी ओर महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को मिला है. मैथ्यूज ने जून महीने में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 104 रन बनाने के साथ-साथ 4 विकेट भी लिए थे. मैथ्यूज ने कहा कि वो अपनी हालिया फॉर्म से बहुत खुश हैं और भविष्य में अपने और अपनी टीम के लिए बहुत कुछ प्राप्त करना चाहती हैं.

# राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक मानसून सत्र में होगा पेश

## पाकिस्तानी एथलीटों की भागीदारी पर भारत सरकार को नहीं है आपत्ति : मांडविया

**नई दिल्ली, 14 जुलाई.खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा, जो 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बहुपक्षीय खेल आयोजनों के लिए पाकिस्तानी एथलीटों को भारत आने से नहीं रोका जाएगा।**

यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता



है। इसमें एक नियामक बोर्ड का प्रावधान होगा, जिसके पास राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और उनके सुशासन संबंधी प्रावधानों के पालन के आधार पर धन आवंटित करने की शक्ति होगी।

यह बोर्ड उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। विधेयक में पारदर्शिता के लिए नैतिकता आयोग और विवाद समाधान आयोगों की स्थापना का भी प्रस्ताव है।

> मंडाविया ने कहा, हमारा रुख स्पष्ट है। हमें किसी भी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में पाकिस्तान के साथ खेलने में कोई समस्या नहीं है, चाहे वह क्रिकेट हो, हॉकी हो या कोई अन्य खेल। लेकिन जब द्विपक्षीय जुड़ाव की बात आती है, तो सरकार की स्थिति सभी को पता है।उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने भारत में दो टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए अपनी सरकार से मंजूरी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है कि इसे मंजूरी मिली है या नहीं।

# साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली से लिया तलाक!

## आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया

**नयी दिल्ली 14 जुलाई. भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप ने आपसी सहमति से अलग होने के फैसले की घोषणा की है। इंस्टाग्राम पर साइना ने एक निजी अपडेट साझा किया जिसने खेल जगत को हैरान कर दिया है।**

### हम शांति, विकास और उपचार का विकल्प चुन रहे हैं : साइना

राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन साइना ने लिखा, ''जिंदगी हमें कभी-कभी अलग दिशाओं में ले जाती है।बहुत सोच-विचार के बाद कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला किया है।हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास और उपचार का विकल्प चुन रहे हैं। उन्होंने लिखा, ''मैं उन यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं।इस दौरान हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।'' साइना और पूर्व शटलर कश्यप ने दिसंबर 2018 में शादी की थी।



# चेल्सी ने जीता क्लब विश्व कप

## पीएसजी को 3-0 से हराया, पाल्मर बने मैन ऑफ द मैच व टूर्नामेंट

**न्यूयॉर्क, 14 जुलाई (वार्ता)** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गये दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया।

मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गये फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर

**▸ पेड्रो ने तीसरा गोल दागा, सांचेज़ रहे मजबूत**

दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया।

पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं सांचेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान से नवाजा गया।



# वरुण होंगे एसआरएच के गेंदबाजी कोच




**हैदराबाद 14 जुलाई (वार्ता)** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण ऐरन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ेंगे।

ऐरन न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे।35 वर्षीय ऐरन पहली कोच के रूप मे शुरुआत करेंगे। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया था। ऐरन डेनियर विटोरी के नेतृत्व वाले स्टाफ का हिस्सा होंगे।

> ऐरन ने 2010-11 में झारखंड के साथ अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने भारत के लिए नौ टेस्ट और नौ एकदिवसीय मैच खेले है। उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए नवंबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट खेला था। इसके अलावा ऐरन ने आईपीएल में भी कई टीमों का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स-इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और गुजरात टाइटंस शामिल हैं। उन्होंने आईपीएल में कुल 52 मैच खेले जिसमें उनके नाम 9.93 की इकॉनमी से 44 विकेट हैं।

### एक नजर में



#### अदिति अशोक 28वें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली.** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक, जो सप्ताह भर शीर्ष-10 में रहने की दावेदार दिख रही थीं, अंतिम दौर में लड़खड़ा गईं और दो-ओवर 73 का निराशाजनक स्कोर बनाकर एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 28वें स्थान पर रहीं। उन्होंने रविवार को कुल पांच-अंडर 279 के साथ समाप्त किया। यह एवियन में अदिति का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जो पिछले साल इसी इवेंट में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कर दीं, जिससे शीर्ष-10 में रहने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।

#### द ओपन में कोई भारतीय नहीं

**नई दिल्ली.** 2025 द ओपन में कोई भी भारतीय गोल्फर शामिल नहीं होगा, जो 2022 के बाद पहली बार है। शुभंकर शर्मा ने पिछले दो ओपन में अच्छा प्रदर्शन किया था - 2023 में रॉयल लिवरपूल में टी-8 (किसी भारतीय द्वारा सर्वश्रेष्ठ) और पिछले साल रॉयल ट्रून में टी-19। अनिर्बान लाहिड़ी ने द ओपन में सबसे अधिक (छह) बार भाग लिया है। कुल आठ भारतीयों ने द ओपन खेला है। शुभंकर शर्मा ने सबसे अधिक बार (चार) कट बनाया है। इस बार कोई भारतीय नहीं है, लेकिन तीन खिलाड़ियों का भारतीय कनेक्शन है- अक्षय भाटिया और साहित थीगाला (भारतीय-अमेरिकी), और आरोन राय (इंडो-ब्रिटिश)। इन तीनों ने पीजीए टूर जीता है और 2024 में शीर्ष-30 पीजीए टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

#### भारत को चीनी ताइपे से भारी हार मिली

**नई दिल्ली.** भारत की महिला बास्केटबॉल टीम को सोमवार को चीन के शेन्ज़ेन में फीबा महिला एशिया कप (डिवीजन बी) के अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में चीनी ताइपे से 39-83 से करारी हार का सामना करना पड़ा। यह प्रतियोगिता 20 जुलाई को समाप्त होगी, जिसमें टूर्नामेंट का विजेता डिवीजन ए में पदोन्नत होगा। भारत ने इससे पहले 2017 में डिवीजन बी का खिताब जीता था, जब वह मेजबान भी था।

# ब्राजील ने वेनेजुएला को हरा की जीत से शुरुआत

**क्विटो, 14 जुलाई.ब्राजील ने क्विटो में वेनेजुएला पर 2-0 की जीत के साथ अपने नौवें महिला कोपा अमेरिका खिताब के लिए अभियान की विजयी शुरुआत की। इस जीत के साथ प्रतियोगिता में ब्राजील का रिकॉर्ड 51 मैचों में 48 जीत, 1 ड्रॉ और दो हार का हो गया है।**

**▸ महिला कोपा अमेरिका में 2-0 से हराया**

**▸ अमांडा और सैम्पियो ने किए गोल**


**▸ वेनेजुएला के खिलाफ लगातार 7वीं जीत**



टूर्नामेंट में वेनेजुएला के खिलाफ यह उनकी लगातार सातवीं जीत भी थी। वेनेजुएला ने मैच की शुरुआत में बेहतर मौके बनाए, लेकिन ब्राजील को 30 मिनट के बाद अमांडा गुटिएरेस के गोल से बढ़त मिली। यह गोल इसाडोरा हास के डीप क्रॉस से शुरू हुई एक बेहतरीन मूव का परिणाम था। दूसरे हाफ में वेनेजुएला ने बराबरी के लिए जोर लगाया, लेकिन ब्राजील की गोलकीपर लोरेना ने कई बचाव किए।

डिफेंडिंग चैंपियन ब्राजील ने मैच खत्म होने से दो मिनट पहले डूडा सैम्पियो के शानदार फिनिश के साथ जीत पक्की कर ली, जो जियोवाना के हेडर पर आया था।

# तुआनज़ेबे ने मैनचेस्टर यूनाइटेड पर ठोका मुकदमा



**चेन्नई, 14 जुलाई.** पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड खिलाड़ी एक्सल तुआनज़ेबे ने कथित चिकित्सीय लापरवाही के आरोप में अपने पूर्व क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड पर मुकदमा दायर किया है। यह मामला क्लब में उन्हें मिली चिकित्सीय सलाह से जुड़ा है।

> 27 वर्षीय सेंटर-बैक, जिन्होंने दो साल पहले अनुबंध समाप्त होने पर यूनाइटेड छोड़ा था, ने हाई कोर्ट में कानूनी दावा दायर किया है। तुआनज़ेबे आठ साल की उम्र में यूनाइटेड की अकादमी में शामिल हुए थे और हर आयु वर्ग में टीम का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े।

**ट्रॉफी** ▸ **एक साल में जीते तीन खिताब, तीन महाद्वीपों में एमआई का दबदबा**

# एमआई ने जीता मेजर लीग क्रिकेट खिताब

**मुंबई, 14 जुलाई.**एमआई न्यू यॉर्क ने 2025 मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) खिताब जीत लिया है। मात्र तीन सीज़न में मुंबई इंडियंस ने दूसरा चैंपियनशिप खिताब जीता है। वैश्विक स्तर पर मुंबई इंडियंस का यह 13वां खिताब है। अकेले 2025 में ही मुंबई इंडियंस तीन ट्रॉफी जीत चुकी है।

इससे पहले एमआई केप टाउन ने दक्षिण अफ्रीका 20 में जीत हासिल की थी और इस साल की शुरुआत में डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस महिला टीम ने खिताब जीता था। मुंबई इंडियंस



सबसे सफल वैश्विक टी20 फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट ग्रुप है। एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन ने आखिरी ओवर रुशील उगरकर के हाथों में दिया. ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे विस्फोटक बल्लेबाज सामने थे, अंतिम ओवर में 12 रन ही चाहिए थे. रोमांच से भरे इस आखिरी ओवर में एमआई ने बाजी मारी और वाशिंगटन फ्रीडम को 5 रनों से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीत लिया.

### आखिरी ओवर का रोमांच

19.1- ग्लेन मैक्सवेल ने 1 रन लिया.
19.2- ग्लेन फिलिप्स ने 1 रन लिया.
19.3- कोई रन नहीं.
19.4- मैक्सवेल कैच आउट हुए.
19.5- कोई रन नहीं.
19.6- ओबस पीनर ने चौका मारा.

> इस मौके पर नीता एम. अंबानी ने कहा, मुंबई इंडियंस परिवार के लिए यह सचमुच एक विशेष क्षण है। तीन वर्षों में अपनी दूसरी एमएलसी ट्रॉफी जीतना मुंबई इंडियंस के जुनून, आपसी विश्वास और टीम वर्क की जीत है। हम अपने सभी प्रशंसकों - मुंबई इंडियंस पलटन - के तहे दिल से आभारी हैं, जो हमेशा हमारे साथ खड़े रहे हैं।